an>

Title: Need to address the problem of acute shortage of drinking water in Mandla, Dindori, Seoni and Narsinghpur districts of Madhya Pradesh.

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला)ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मंडला (म.पू.) में पड़ रहे घोर पेयजल संकट की ओर दिलाना चाहता हूं। मध्य प्रदेश का मंडला संसदीय क्षेत्र अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। मैं सरकार का ध्यान विशेषकर मध्य प्रदेश में मंडला, डिंडोरी, शिवनी तथा नरसिंहपुर जिलों की ओर दिलाना चाहता हूं। मध्य प्रदेश में जनता को पीने के पानी की भारी कठिनाई हो रही है। लोगों को पीने के पानी के लिए कई-कई कि.मी. दूर जाना पड़ रहा है। किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। पशुओं के लिए पानी नहीं है। इसमें लगभग 60 गांव डिंडारी जिले में तथा करीब 26 गांव मंडला जिले के तथा शिवनी के लगभग 100 प्रभावित हुए हैं। पेयजल संकट के कारण पशु भी मर रहे हैं। किसानों ने ब्याज पर पैसा लेकर जो फसल लगाई थी वह अब नष्ट हो गई है। मंडला, डिंडोरी, शिवनी तथा नरसिंहपुर जिलों के परिवारों के लिए बहुत कठिन समय है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश के उपरोक्त जिलों में पेयजल संकट से निपटने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने के निर्देश देने का कष्ट करें।